तापमान

अधिकतम 36.5 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 17 सितंबर, 2025



14 अध्यापकों ने कुल 6378 बच्चों का किया आंकलन





14 पीएम मोदी के जन्मदिन पर होंगे कई कार्यक्रम




## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल व जिंदा रौंद रखने वाला काबू

**अंबाला।** थाना नारायणढ़ के साढौरा रोड से अवैध देसी पिस्टल व 7 जिंदा रौंद रखने के मामले में सीआईए- नारायणगढ ने आरोपी संदीप कुमार उर्फ संजू को गिरफ्तार किया है। आरोपी को 3 दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध हथियार है जो किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। इसी आधार पर पुलिस ने रेड कर आरोपी को काबू किया। तलाशी के बाद ही उसके कब्जे से हथियार जब्त किया गया।

### हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेश नगर में दर्ज हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी शिवम को गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। चंदपुरा के राजकुमार ने 12 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी शैली, विशाल व अन्य ने उसके बेटे कि तेजदार चाकु से वार कर हत्या कर दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। इस मामले में पहले चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### कार्य में बाधा डालने के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** रिफाइनरी के मार्केटिंग परिसर में हथियारों से लैस होकर जबरन घुसने व कार्य में बाधा डालने के मामले में दो और आरोपियों सोनीपत के खरखौदा निवासी ओमबीर व करनाल के मुनक गांव निवासी जगजीत को सीआईए वन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से बंदूक बरामद की है। सीआईए वन प्रभारी संदीप ने बताया कि इस केस में सात आरोपी पहले गिरफ्तार हो चुके है। जबकि इस मामले में थाना सदर में रिफाइनरी के महाप्रबंधक की शिकायत पर केस दर्ज है।

### जानलेवा हमले के दो आरोपी किए गिरफ्तार

**पानीपत।** पानीपत के फौजी नगर में जमीनी विवाद में पिस्तौल से जानलेवा हमला करने मामले में दो और आरोपियों गांव खुखराना निवासी सन्नी व गांव नौल्था निवासी अजय को सीआईए वन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सीआईए वन प्रभारी संदीप ने बताया कि इस केस में थाना माडल टाउन में शांति नगर, माडल टाउन निवासी धर्मराज की शिकायत पर केस दर्ज है।

### पिहोवा फोटोग्राफर एसो. की कार्यकारिणी गठित

**पिहोवा।** पिहोवा फोटोग्राफर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इसमें मुकेश शर्मा को प्रधान चुना गया है, जबकि सुल्तान और सतीश छाबड़ा को संरक्षक, सुरेश वर्मा को सचिव, रणजीत गुमथला को वरिष्ठ उपप्रधान, कुलदीप कोकी को उपप्रधान, सुयश शर्मा कैशियर, अतुल शर्मा मीडिया प्रभारी बने हैं।

# तलाक के बाद भी पत्नी का छोटे भाई से निकाह कराने पर विवाद

## हंगामे के बाद पुलिस ने करवाया मामला शांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के कर्ण विहार क्षेत्र से तीन तलाक का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि विवाहिता को उसके पति ने करीब पाँच महीने पहले तीन तलाक दे दिया था, लेकिन इसके बावजूद न तो उसे मायके जाने की इजाजत दी गई और न ही घर से बाहर निकलने दिया गया।

हैरानी की बात यह है कि तलाक के बाद पति ने विवाहिता को अपने छोटे भाई से जबरन निकाह कराने की कोशिश की, जिस पर विवाद बढ़ गया।



करनाल। मौके पर उपस्थित पुलिस बल। फोटो : हरिभूमि

विवाहिता के पिता ने आरोप लगाया कि उनका दामाद शादी के बाद से ही उनकी बेटी को प्रताड़ित करता था। कई बार विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की जाती थी। उन्होंने बताया कि तलाक देने के बाद भी दामाद ने उनकी बेटी को घर में कैद कर रखा और दबाव डालकर छोटे भाई से निकाह कराने की योजना बनाई। जैसे ही मायके पक्ष को इसकी जानकारी मिली, वे मौके पर पहुँच गए। यहाँ दोनों पक्षों के बीच जमकर हंगामा और हाथापाई हुई।

### मामला संज्ञान में नहीं

इस मामले पर सेक्टर-32-33 थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि तीन तलाक का मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है। यदि इस संबंध में कोई शिकायत मिलती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिकायत आने पर आरोपी दामाद के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

देखते ही देखते स्थिति तनावपूर्ण हो गई। मामले की सूचना डायल-112 पर पुलिस को दी गई। मौके पर पहुँची पुलिस टीम ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। इसके बाद मायके वाले विवाहिता को अपने साथ ले गए। विवाहिता के पिता ने कहा कि समाज के नियमों के अनुसार एक बार तलाक हो जाने के बाद उसी व्यक्ति से दोबारा विवाह नहीं किया जा सकता। ऐसे में जबरन निकाह कराने की कोशिश न केवल गैरकानूनी है बल्कि समाज के नियमों के भी खिलाफ है।

### पानीपत के होटल में दो ने जहर खाया, मौत

**पानीपत।** असंध रोड स्थित होटल वीएन में 40 वर्षीय अश्वनी निवासी पिल्लूखेडा, जींद और 17 वर्षीय जीवन पुत्र राजेंद्र निवासी गांव गुरहान जिला कैथल ने कथित रूप से जहर खा कर आत्महत्या कर दी।

- मृतकों में एक नाबालिग, पुलिस ने जांच शुरू की

वहीं अश्वनी का पिल्लूखेडा में हेयर कटिंग सैलून है और जीवन, अश्वनी के पास पिछले छह माह से हेयर कटिंग आदि का काम सीख रहा था। अश्वनी के साथ जीवन, सोमवार को कुरूक्षेत्र के लिए पिल्लूखेडा से निकला था। वहीं दोनों दोपहर को होटल वीएन पहुंचे। यहां शाम के समय दोनों बाजार में गए और फिर वापस होटल में लौट आए। रात करीब 11 बजे कमरे में तरह तरह की आवाज आई तो होटल स्टाफ मौक पर पहुंचा और कमरा खुलवाया। जीवन ने दरबाजा खोला, दोनों उल्टियां कर रहे थे। होटल स्टाफ दोनों को पास सही स्थित निजी अस्पताल ले गए, जहां मेडिकल जांच में पता चला कि दोनों ने घातक जहरीला पदार्थ खा रखा है। वहीं होटल स्टाफ की सूचना पर पुलिस व दोनों के परिजन अस्पताल पहुंचे। इधर, अश्वनी और इसके बाद जीवन की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए हैं।

# महाराजा अग्रसेन जयंती मनाएगी राज्य सरकार

## पूर्व मंत्री असीम गोयल ने सीएम सैनी का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। सीएम नायब सैनी से मुलाकात करते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

महाराजा अग्रसेन जयंती को सरकारी तौर पर मनाने के निर्णय को लेकर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन जयंती को सरकारी तौर पर मनाने के निर्णय को लेकर अग्रवाल समाज में खुशी की लहर है। उन्होंने इस निर्णय को ऐतिहासिक निर्णय बताया है।

### पंचकुला में होगा आयोजन

पूर्व राज्यमंत्री ने यह भी कहा कि 22 सितंबर को राज्य स्तर पर महाराज अग्रसेन जयंती सेक्टर 5 स्थित इंद्रधनुष स्टेडियम पंचकूला में मनाई जाएगी। इसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि हर जिले में अग्रवाल समाज की विभिन्न संस्थाएं जयंती को भव्य तरीके से मनाने का काम करेंगी। इसके साथ-साथ रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जयंती को सरकारी तौर पर मनाने की मांग अग्रवाल समाज द्वारा की जा रही थी। मुख्यमंत्री ने इसे सहज ही स्वीकार करते हुए इसे सरकारी तौर पर मनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जितनी भी योजनाएं हैं उनका लाभ सीधा लोगों को सुगमता से मिल रहा है। हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रदेश सरकार कृत संकल्प है।

# बुजुर्ग का बैग काटकर चोरी, दो महिलाएं काबू



**करनाल।** करनाल पुलिस की क्राइम यूनिट सीआईए-3 टीम ने बुजुर्ग का बैग काटकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाली दो महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सहायक उप निरीक्षक प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में कार्रवाई करते हुए आरोपियों को शीतला माता मंदिर, राजीव नगर (गुड़गांव) से काबू किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ललिता सिसोदिया पत्नी साका सिसोदिया निवासी गुलखेड़ी, जिला राजगढ़ (मध्य प्रदेश) व रिहाना पत्नी ईश्वर सिंह निवासी कड़ियां सांसी, जिला राजगढ़ (मध्य प्रदेश) के रूप में हुई है। अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि 24 जुलाई 2025 को घरौंडा स्थित पीएनबी बैंक शाखा में एक बुजुर्ग पैसे निकालने आया था। दोनों महिलाओं ने उसकी रेकी की और एक महिला ने बातचीत में उलझाया, जबकि दूसरी ने ब्लेड से थैली काटकर 15 हजार रुपये चोरी कर लिए और फरार हो गईं। इस संबंध में मुकदमा नंबर 449, धारा 379/34 आईपीसी थाना घरौंडा में दर्ज किया गया था। आज गिरफ्तार कर दोनों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया गया।

- क्राइम यूनिट सीआईए-3 की बड़ी सफलता, कोर्ट से जेल भेजी गईं आरोपी

### राज्य स्तरीय सांझी प्रतियोगिता 21 को

**कुरुक्षेत्र।** विरासत दि हेरिटेज विलेज मसाना में विरासत हेरिटेज व एसोसिएशन ऑफ हरियाणवीज इन ऑस्ट्रेलिया द्वारा राज्य स्तरीय सांझी उत्सव-2025 का आयोजन 21 से 1 अक्टूबर तक किया जाएगा।

- कविरासत सांझी उत्सव में पुरस्कार वितरित करेंगी सुमन सैनी

इस सांझी उत्सव में हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी बतौर मुख्यातिथि सांझी विजेताओं को पुरस्कार वितरण करेंगी। मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी ने इस आशय की पुष्टि की है। विरासत एएचए सांझी उत्सव के निदेशक अभिनव पूनिया ने बताया कि 21 सितंबर के को विरासत में सभी प्रतिभागियों द्वारा सुबह 8 बजे से 2 बजे तक सांझी लगाने का कार्यक्रम होगा। उत्सव में लोक सांस्कृतिक विषय-वस्तुओं की प्रदर्शनी आने वाले दर्शकों व प्रतिभागियों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगी।

# भाकियू ने मंडियों में धान की तुलाई में हो रही धांधली पर की अंकुश लगाने की मांग

- भारतीय किसान यूनियन( टिकैत) के सदस्यों ने रादौर में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के सदस्यों ने प्रदेश की अनाज मंडियों में धान तुलाई के दौरान की जा रही धांधली पर अंकुश लगाने को लेकर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को उनके निवास स्थान स्थित कार्यालय में पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान भाकियू प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व यूयिन के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने किया। मौके पर यूनियन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर भी मौजूद रहे।

यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान व जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को सौंपे ज्ञापन में बताया कि प्रदेश सरकार ने



यमुनानगर। रादौर स्थित कार्यालय में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष रतन मान व अन्य।

सभी मंडियों में डिजिटल कांटो से तुलाई के आदेश दिए हैं। जिससे किसानों की धान की तुलाई में हो रही हेरा फेरी से किसानों को फायदा हो सके। उन्होंने कृषि मंत्री से धान की तुलाई में हो रही धांधली को रोके जाने, मंडियो से धान को तुरंत उठाए जाने, गेट पास, पोर्टल आ रही परेशानी को दूर किए जाने की मांग की। मौके पर भाकियू के सदस्यों ने कृषि मंत्री के सामने गन्ने का 500 रु प्रति क्विंटल दाम दिए जाने की भी मांग रखी। उन्होंने खुर्दी से दामला पुल की भी जल्दी बनवाने की अपील की।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर महेंद्र कांबोज चमरोडी, नरेश मोहडी ,सुभाष शर्मा, देवेंद्र रुलाखेड़ी, कुलविंदर सिद्धू, सुभाष हरतोल, जगतार रानीपुर, दलबीर कैल, जरनैल सिंह रलाखेडी व राजेश भूखड़ी आदि मौजूद रहे।

### नहीं आएगी परेशानी

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने आश्वासन दिया कि किसानों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। डिजिटल कांटों के आदेश की एक कॉपी भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश कार्यालय में भेज दी जायेगी। वह खुद किसान हैं और किसानी और खेती को बहुत नजदीक से जानते हैं। किसान यूनियन का किसानों की मांग उठाने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि सभी मंडियों में आदेश दे दिए गए हैं कि अबकी बार डिजिटल कांटों से तुलाई हो।

# शेयर मार्केट का झांसा देकर लाखों की साइबर ठगी

**यमुनानगर।** शेयर मार्किट और ट्रेडिंग कंपनियों में निवेश का झांसा देकर साइबर ठगों ने दो लोगों से लाखों रुपये ठग लिए। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

- पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ किया मामला दर्ज

जानकारी के मुताबिक माडल टाउन निवासी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि गत जुलाई में उनके पास नुकामा वेल्थ ओटीसी ट्रेडिंग कंपनी का लिंक आया। कंपनी के प्रतिनिधि बताकर ठगों ने उन्हें शेयर मार्किट में निवेश का लालच दिया। शुरू में कुछ रकम निवेश करवाई और अकाउंट में लाभ दिखाया। इसके बाद धीरे धीरे 11.63 लाख रुपये निवेश करा लिए। जब उन्होंने रकम निकालनी चाही तो रुपये नहीं निकले।

मामले की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। उधर, गांव छप्पर निवासी रोहित चौहान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ महीने पहले इंस्टा आईडी से समानता जोश नाम की महिला ने संपर्क किया। उसने आक्सान इन्वेस्टमेंट ट्रेडिंग कंपनी में निवेश करने का झांसा दिया। पहले 50 हजार रुपये बिटक्वाइन के रूप में बाइनेंस एप के जरिए जमा कराए। इसके बाद बार बार निवेश करने को कहा गया और करीब 65 लाख रुपये ठग लिए गए। शिकायत के अनुसार आरोपितों ने अमेरिका सेल टैक्स नंबर और कस्टम क्लियरेंस के नाम पर भी रकम मांगी। एक शख्स ने खुद को अमेरिकन अंबेसडर बताकर भी फोन किया और पैसे मांगे। कई बार रुपये ट्रांसफर करने के बावजूद जब खाते से रकम नहीं निकली तो विरोध करने पर ठग गाली गलौज करने लगे और रुपये देने से मना कर दिया। पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के जयपुर जिले के हरदयानपुरा निवासी समानता जोश, श्वेता सिंह,महेंद्र सिंह और डेविड के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लूट के मामले में छह आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

थाना बलदेव नगर में दर्ज लूट के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी सुभाष उर्फ संजय कुमार उर्फ सोनू उर्फ मुंशी, परविंद्र कुमार उर्फ पंकज कुमार, हरीश कुमार व सुशील कुमार को गिरफ्तार किया था। आरोपियों को छह दिन के रिमांड पर लिया गया था।

जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी मनजीत सिंह व अनिल को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों को अब दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। आरोपियों में ज्यादातर प्रवासी हैं। सीआईए-1 निरीक्षक हरजिंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता शिवम ने 26 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि रिजेंटा होटल के सामने आरोपी सुभाष उर्फ संजय कुमार उर्फ सोनू उर्फ मुंशी ने मारपीट करते हुए डरा घमका कर उससे 4 लाख 97 हजार रूपये की रकम लूट ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज जांच शुरू की थी।

- सभी आरोपियों को छह दिन के रिमांड पर लिया गया

## 25 अक्तूबर को अमृतसर रेलवे स्टेशन से शुरू होगी विशेष ट्रेन

# ज्योतिर्लिंग व स्टेचू ऑफ यूनिटी की यात्रा के लिए ट्रेन

- यात्रियों को मिलेगी कई तरह की सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रेलवे चार ज्योर्तिलिंग और स्टेचू ऑफ यूनिटी भारत यात्रा हेतू गर्व स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन का शुभारंभ करने जा रहा है।

25 अक्तूबर 2025 को यह भारत गौरव विशेष पर्यटक ट्रेन अमृतसर रेलवे स्टेशन से शुरू होगी। यह 9 दिवसीय रेल यात्रा होगी। आईआरसीटीसी के चीफ रिजनल मैनेजर हरजोत सिंह संधू ने बताया कि यह पवित्र यात्रा भक्तों को देश के कुछ सबसे प्रतिष्ठित मंदिरों और पवित्र स्थानों पर दिव्य उपस्थिति का अनुभव करने और आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगी। यह



तीर्थ यात्रा यात्रियों को उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर, इंदौर ओमकारेश्वर मंदिर, द्वारका नागेश्वर एवं द्वाराकाधीश, वीरावल सोमनाथ मंदिर के दर्शन के साथ साथ स्टेचू ऑफ युनिटी भी ले जाया जाएगा। इस ट्रेन में अमृतसर, जालंधर सिटी, लुधियाना, चंडीगढ़, अंबाला कैंट, कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, सोनीपत, दिल्ली कैंट और रेवाड़ी सहित बोर्डिंग और डिबोर्डिंग प्वाइंट भी शामिल हैं।

### आठ रातें और नौ दिन होगी यात्रा की अवधि

यात्रा की अवधि 8 रातें व 9 दिन होगी। प्रस्थान तिथि 25 अक्तूबर 2025 तथा वापसी 2 नवंबर 2025 होगी। उन्होंने बताया कि ट्रेन में स्लीपर क्लास इकोनॉमी 640 सीट, थर्ड एसी स्टैंड 70 सीट, द्वितीय एसी कंफर्ट 52 सीट होगी।

स्लीपर इकोनॉमी क्लास का किराया 19,555 प्रति व्यक्ति, थर्ड एसी स्टैंडर्ड क्लास का किराया 27,815 प्रति व्यक्ति, द्वितीय एसी कंफर्ट क्लास का किराया 39,410 प्रति व्यक्ति रहेगा। पैकेज में कंफर्म ट्रेन टिकट, भोजन, चाय, नाश्ता, लंच, डिनर, डबल/ट्रिपल शेयरिंग के आधार पर आरामदायक और साफ आवास उपलब्ध रहेगा। इकोनॉमी के लिए नॉन एसी स्टैंडर्ड और कंफर्ट क्लास के लिए एसी, बसों द्वारा स्थानांतरण और दर्शनीय स्थलों की यात्रा इकोनॉमी और स्टैंडर्ड क्लास के लिए नॉन एसी कंफर्ट क्लास के लिए एसी, ऑनबोर्ड टूर एस्कॉर्ट, हाउस कीपिंग, सुरक्षा और पैरा मेडिकल स्टाफ बुनियादी दवाइयों सहित मौजूद रहेगा।

### यह अद्वितीय मौका

यह यात्रा आराम और सुरक्षा के साथ कई तीर्थों के दर्शन और आध्यात्मिक पूर्ति प्राप्त करने का एक अद्वितीय मौका प्रदान करेगी। इच्छुक श्रद्धालु अपनी सीट बुक करवा सकता हैं। बुकिंग के लिए रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट या फिर 0172-4645795, 7888831633, 7888831635, 8595930980, 8595930962, 7888696843 पर कॉल की जा सकती है।आईआरसीटीसी के चंडीगढ़ कार्यालय या अधिकृत एजेंटों के माध्यम से भी इस ट्रेन में सीट बुक करवाई जा सकती है।

### बलाही कोआपरेटिव सोसाइटी के प्रधान बने वेदप्रकाश शर्मा

**कुरुक्षेत्र।** गांव बलाही स्थित बलाही मल्टीपर्पस प्राइमरी एग्रीकल्चर कोआपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड में प्रबंधक कमेटी के प्रधान और उप-प्रधान का चुनाव संपन्न हुआ। सोसाइटी के कार्य क्षेत्र के सभी गांवों के सदस्यों की मौजूदगी में हुए इस चुनाव में, सदस्यों ने आपसी सहमति और विश्वास का परिचय देते हुए वेद प्रकाश शर्मा को सर्वसम्मति से प्रधान चुना।

पलविंदर सिंह को उप-प्रधान की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। यह चुनाव प्रक्रिया सहायक रजिस्ट्रार, को ऑपरेटिव सोसाइटी कुरुक्षेत्र के आदेशानुसार पूरी तरह से पारदर्शी और निर्विघ्न तरीके से आयोजित की गई। चुनाव के दौरान, कोऑपरेटिव सोसाइटी के इंस्पेक्टर संजय शर्मा और सुनील कुमार ने प्रेजेंटिंग ऑफिसर के रूप में अपनी भूमिका निभाई और पूरी कार्यवाही पर अपनी निगरानी रखी।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत व दो घायल


- पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले की सीमा स्थित कालाअंब में स्थित फैक्ट्री से ड्यूटी समाप्त कर घर लौट रहे मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों को रास्ते में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीनों युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। राहगिरों ने तीनों युवकों को गंभीर हालत में अस्तपाल में ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। जानकारी के मुताबिक साढौरा के गांव शब्बीरपुर निवासी अभिषेक ने पुलिस को बताया कि वह और उसके दो साथी राहुल व गौरव (24) कालाअंब स्थित एक फैक्ट्री में काम करते हैं। अक्सर तीनों एक ही बाइक से आना जाना करते हैं। अन्य दिनों की तरह देर शाम वह पैक्टरी में काम खत्म होने के बाद धसोमवार को भी साथ ही काम पर गए घर लौट रहे थे। रास्ते में हिमाचल रोड पर साढौरा के निकट पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह तीनों नीचे गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गए। तीनों घायलों को अस्पताल में ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने गौरव को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप



यमुनानगर। नेत्र जांच शिविर में मरीज की आंखों की जांच करते चिकित्सक।

### शिविर में 70 लोगों की आंखों को जांचा

**रादौर।** श्री स्वामी आत्मारामानंद चैरिटेबल ट्रस्ट रादौर के आंखों के अस्पताल के तत्वावधान में रामविचार वाटिका छोटाबांस में आंखों की जांच के लिए पहला निःशुल्क नेत्रा जांच शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र जांच शिविर का शुभारंभ श्रीराम विचार वाटिका के महंत स्वामी उदयात्मानंद महाराज ने किया। नेत्र जांच शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विजय कुमार ने शिविर में आए 70 लोगों की आंखों की जांच की। वहीं, 22 मरीजो को चश्मे व दवाइयां वितरित की गई। 8 मरीजों को मोतियां बिंद के ऑपरेशन के लिए कहा गया। संस्था का उद्देश्य रादौर क्षेत्र में लोगों को आंखों की बीमारियों को लेकर बेहतर इलाज करवाना है।

### उपायुक्त ने मेला स्थल का किया निरीक्षण

# श्री कपालमोचन श्री आदिबद्री मेले में लाएं नयापन: गुप्ता

डीसी ने संबंधित अधिकारियों को जीरो वेस्ट व पॉलीथिन मुक्त मेला का आयोजन करवाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। व्यासपुर में लघुसचिवालय में आयोजित प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में श्रीकपाल मोचन मेला के प्रबंधों के लिए दिशा निर्देश देते हुए मेला मुख्य प्रशासक एवं उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

महर्षि वेद व्यास की कर्मस्थली व्यासपुर में तीर्थ राज कपाल मोचन में अंतरराज्यीय मेले की तैयारियों को लेकर व्यासपुर के लघु सचिवालय में जिला प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मेला के मुख्य प्रशासक एवं उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि इस बार श्रीकपालमोचन तीर्थ स्थल पर पांच दिवसीय अंतरराज्यीय मेले का आयोजन एक नवंबर से 5 नवंबर तक किया जाएगा। उन्होंने मेला प्रबंधों से जुड़े अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि विश्व प्रसिद्ध श्री कपाल मोचन श्री आदिबद्री मेला के संबंध में अधिकारी सभी अंतिम प्रबंध समय रहते पूर्ण करें व पूरी श्रद्धा से अपनी डयूटी करें। उन्होंने बैठक में स्पष्ट किया कि मेला में डयूटी पर तैनात सभी अधिकारी व कर्मचारी 6 नवंबर तक अपनी डयूटी पर तैनात रहेंगे व डयूटी में कोई कोताही सहन नहीं की जाएगी।

उपायुक्त एवं श्री कपाल मोचन श्री आदिबद्री नारायण, श्री माता मंत्रा देवी, श्री केदारनाथ मंदिर धार्मिक एवं पूजा स्थल बोर्ड यमुनानगर के मुख्य प्रशासक पार्थ गुप्ता ने कहा कि श्री कपाल मोचन मेले में देश के विभिन्न राज्यों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां के तीनों पवित्र सरोवरों कपाल मोचन सरोवर, ऋण मोचन सरोवर व सूरज कुण्ड सरोवर में क्रमवार स्नान करने के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि कपाल मोचन मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधाएं मिले ऐसे सभी अधिकारियों के प्रयास होने चाहिएं।

उन्होंने मेले में सफाई व्यवस्था,दवाइयों के प्रबन्ध, अस्थाई शौचालयों, पेयजल के प्रबन्ध, सड़कों की मरम्मत, बिजली का प्रबन्ध, खाद्य सामग्री, दूध की आपूर्ति, बैरिकेटिंग, पुलिस प्रबन्ध व अन्य प्रबन्धों बारे विस्तार से समीक्षा की।

#### प्रदर्शनी में लगाए जाएंगे स्टाल

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि ऐतिहासिक कपाल मोचन मेले में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टाल लगाए जाएगें। प्रदर्शनी में राज्य सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी व प्रदर्शनी स्थल के बीचो बीच सांस्कृतिक मंच बनाया जाएगा। जहां से सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग तथा सांस्कृतिक कार्य विभाग के कलाकार गीतों, भजनों व लोक गीतों के माध्यम से विश्व प्रसिद्ध श्री कपाल मोचन श्री आदि बद्री मेला में पधारे लाखों श्रद्धालुओं व यात्रियों का मनोरंजन धार्मिक गीतों व भजनों से करेंगे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग व हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कपाल मोचन व आदिबद्री की ओर जाने वाली सड़कों की मरम्मत का कार्य शीघ्र निपटाएं।

#### चार सेक्टरों में बांटा जाएगा मेला क्षेत्र

उपायुक्त एवं मेला के मुख्य प्रशासक पार्थ गुप्ता ने बताया कि पूरे मेला क्षेत्र को 4 सैक्टरों में बांटा जायेगा। उन्होंने बिजली निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सुनिश्चित करें कि मेले के दिनों में बिजली की सप्लाई में कोई बाधा न आए और इसके लिए आवश्यकता अनुसार जनरेटरों का भी प्रबन्ध करवाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, व्यासपुर के एसडीएम एवं मेला प्रशासक जसपाल सिंह गिल, जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, एसडीएम रादौर नरेन्द्र कुमार, उपमंडल अधिकारी छछरौली रोहित कुमार, सीटीएम पीयूष गुप्ता, डीडीपीओ नरेंद्र सिंह व विशेष अधिकारी स्वच्छता अनिल कुमार यादव आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। गांव जठलाना में बस स्टैंड पर बस के इंतजार में खड़े छात्र व ग्रामीण।

## जठलाना बस स्टैंड पर परिवहन निगम की बसें न रुकने से लोग परेशान

**रादौर।** रादौर क्षेत्र के सबसे बड़े गांव जठलाना में बस स्टैंड पर रोडवेज की बसे न रुकने से क्षेत्र के लोग बेहद परेशान हैं। बसे न रुकने का खामियाजा सबसे ज्यादा क्षेत्र के विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों ने सरकार व परिवहन निगम के उच्चाधिकारियों से जठलाना बस स्टैंड पर बसे रुकवाए जाने की मांग की है। क्षेत्र के राजबीर सिंह, मोहित, शोभित, पवन, गौरव, बंटी व सतीश आदि ने बताया कि परिवहन निगम की जठलाना से होकर बसें यमुनानगर व करनाल के लिए जाती हैं। मगर इन बसों में अधिकतर बसें जठलाना बस स्टैंड पर नहीं रुकती है। जिससे क्षेत्र से रोजाना स्कूल व कालेजों में हजारों विद्यार्थी पढ़ने के लिए जाते हैं। वहीं, व्यापारी, किसान और आमजन भी रोजाना यमुनानगर व करनाल समेत अन्य शहरों में आवागमन करते हैं। मगर परिवहन की बसें जठलाना बस स्टैंड पर नहीं रुकने की वजह से लोगों को प्राइवेट साधनों में अधिक खर्च करके जाना पड़ता है। इस संबंध में क्षेत्र के लोगों ने कई बार संबंधित परिवहन निगम के अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। मगर अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुई है। जठलाना गांव के सरपंच के प्रतिनिधि बीर सिंह ने बताया कि यमुनानगर से गुमथला वाया जठलाना जाने वाली रोडवेज की अधिकतर बसे जठलाना में बस स्टैंड पर नहीं रूकती हैं। बस चालक बसों को बस स्टेंड से दूर रोककर यात्रियों को बस में चढ़ाते व उतारते हैं। जिससे क्षेत्र के लोगों को बस स्टैंड से अपने गंतव्य तक जाने के लिए समय पर बस नहीं मिल पाती है।

## निःशुल्क नवीन संकल्प एवं स्वास्थ्य जांच शिविर में जांचा 208 लोगों का स्वास्थ्य



**रादौर।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन के तत्वावधान में गांव कुंजल जाटान व कुंजल कंबोयान में निःशुल्क संकल्प एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 208 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मौके पर मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। सांसद नवीन जिंदल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि शिविर में कुशल चिकित्सकों द्वारा 208 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान बीमारियों से पीड़ित पाए गए मरीजों को मुफ्त में दवाइयां दी गई। इसके अलावा शिविर में नवीन संकल्प शिविरों में लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया गया। कई आवेदन यशस्वी योजना से संबंधित शिविर में पहुंचे। इसके साथ साथ सांसद खेल महोत्सव में भी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भी लोगों को जानकारी दी गई। सांसद नवीन जिन्दल द्वारा कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में प्रत्येक वर्ग के लिए लाभकारी योजनाएं चलाई गई हैं।



यमुनानगर। गांव दामला में आयोजित कार्यशाला में नवाचारों को जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता। फोटो : हरिभूमि

## एनआईएफ नए अविष्कार करने वाले नवाचारों का करेगी सहयोग: डॉ. वर्मा

**यमुनानगर।** प्रगतिशील किसान एवं राष्ट्रपति से पुरस्कृत धर्मबीर कांबोज द्वारा गांव दामला में नवाचार पर सामुदायिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रुप में नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन अहमदाबाद की नोएडा शाखा के डॉ. अभिषेक वर्मा ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। कार्यशाला में नवाचारों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता डॉ.अभिषेक वर्मा ने एनआईएफ के कार्यों के बारे में विस्तार से नवाचारों को जानकारी दी। यदि उनके आस पास कोई भी व्यक्ति चाहे वह कम पढ़ालिखा ही क्यों न हो। जिसने कोई नया आविष्कार या तकनीकी समाधान विकसित किया हो तो वह एनआईएफ से संपर्क कर सकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि एनआईएफ ऐसे नवाचारकों को हर संभव सहायता प्रदान करेगा। जिसमें उनके नवाचार को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना और उसे पेटेंट कराना शामिल है। उन्होंने नवाचारों को स्किल इंडिया कंपटीशन में भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर राम रतन, विनोद कुमार, अजय कुमार, विद्या व भानु आदि समेत किसानों ने भाग लिया।

## धान की खरीद के समय लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त: डीसी

जिला सचिवालय में धान खरीद को लेकर अधिकारियों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। जिला सचिवालय में धान खरीद को लेकर आयोजित बैठक में दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सरकार द्वारा एक अक्तूबर से प्रदेश की अनाज मंडियों में धान की खरीद शुरु की जाएगी। सरकार द्वारा ग्रेड ए धान का मूल्य 2389 रुपये प्रति क्विंटल व कॉमन ग्रेड धान 2369 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। जिले की सभी 13 मंडियों में खरीद से पहले सभी प्रकार की व्यवस्था हो इसके लिए जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियो की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को धान की खरीद के समय किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किए जाने की चेतावनी दी।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बैठक में सबसे पहले मंडी बोर्ड के सभी सचिवों से उनसे संबंधित मंडियों की व्यवस्था जानी और तैयारियों के बारे में जानकारी ली। सभी मंडी बोर्ड के सचिव ने बताया कि उनकी मंडियों में खरीद के लिए सभी तैयारियों पूरी कर ली गई हैं।

मंडियों में पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय, बिजली का विशेष प्रबंध किया गया है। किसानों की सुविधा के लिए मंडियों में विश्रामगृह बनाए गए हैं। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक को निर्देश दिए कि धान खरीद के समय मंडियो से खरीदे गए धान की उठान के लिए परिवहन ट्रकों का पर्याप्त मात्रा में प्रबंध रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित उपमंडाधीश को निर्देश दिए कि वे यह सुनिश्चित करें कि मंडियो में पेयजल व्यवस्था, बिजली व्यवस्था, सफाई व्यवस्था व सड़कों की मरम्मत का कार्य सही ढंग से हो। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक मंडी में किसान सहायता केन्द्र की स्थापना की जाए। उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित मंडी बोर्ड के एसडीओ को निर्देश दिए कि वह 20 सितंबर तक सभी मंडियों में अधूरे कार्य को पूरा करें और इसकी रिपोर्ट भी भेंजे।

#### 6 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य

जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक जतिन मित्तल ने बताया कि जिला में 8 मंडियों और 5 खरीद केंद्रों सहित कुल 13 स्थानों पर धान खरीदी जाएगी। जिले में हैफेड, वेयरहाउस और फूड सप्लाई तीन एजेंसियों द्वारा धान की खरीद की जाएगी। इस वर्ष जिले की मंडियों में करीब 6 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद का लक्ष्य रखा गया है।

#### ये रहे मौजूद

मौके पर एडीसी नवीन आहूजा, एसडीएम व्यासपुर जसपाल सिंह गिल, एसडीएम जगाधरी विश्वनाथ, एसडीएम छछरौली रोहित कुमार, एसडीएम रादौर नरेन्द्र कुमार, डीआईपीआरओ डॉ.मनोज कुमार, उप कृषि निदेशक आदित्य प्रताप डबास, डीईएमओ ईश्वर सिंहए, हैफेड के प्रबंधक शीश पाल गौरी व मार्किट कमेटी के सचिव आदि मौजूद रहे।

## दुकानों पर कब्जा करने के आरोप में बाप बेटे के खिलाफ केस दर्ज

**यमुनानगर।** दुकानों को किराया ना देकर उल्टा उन पर कब्जा करने के आरोप में पुलिस ने एक बाप बेटे के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। जगाधरी के एसडी स्कूल के नजदीक वाली पूजा वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि न्यू सिविल लाइन रोड पर राजेश कॉलोनी में गोपाल नगर निवासी ओमप्रकाश से दो दुकानें ली थी। एक उसके व दूसरी पति विवेक वर्मा के नाम पर हैं। इनमें एक दुकान में ओमप्रकाश व उनका बेटा रोहित पहले दूध का कारोबार करते थे। रोहित के आग्रह करने पर दोनों दुकानें उसे मई 2021 में 15 हजार रुपये प्रति माह किराये पर दी गई थी। कुछ समय तक रोहित दुकानों का किराया बैंक खाते में जमा करता रहा। मगर इसके बाद आरोपी ने किराया देना बंद कर दिया। साथ ही दुकानों पर ताल लगाकर कहीं चला गया। रोहित के खिलाफ किराये लेने व दुकानें खाली कराने बारे कोर्ट में केस दायर किया। आरोप है कि अब अतुल कुमार नाम का व्यक्ति दोनों दुकानों पर आकर अपना हक जताने लगा और कब्जा करने की कोशिश करने लगा है। ओमप्रकाश व रोहित भी अतुल का साथ दे रहे हैं। अतुल को दुकानों पर कब्जा करने से रोकने पर उसने उन्हें व परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

## नशे की लत्त में फंसकर लोग कर देते हें जीवन बर्बाद: डॉ. पारब

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- जेएन कपूर डीएवी डेंटल कॉलेज में नशा मुक्ति को लेकर संगोष्ठी आयोजित



यमुनानगर। संगोष्ठी में वक्ताओं को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित करते हुए आयोजक। फोटो : हरिभूमि

जेएन कपूर डीएवी (सेंचुरी) डेंटल कॉलेज यमुनानगर में ब्रह्माकुमारीज के मेडिकल विंग और सिविल अस्पताल यमुनानगर के सहयोग से नशा मुक्ति को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रुप में हिप्नोथेरेपिस्ट एवं परामर्शदाता डॉ. सचिन पारब ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता डीएवी डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आईके पंडित ने की।

मुख्य वक्ता डॉ. सचिन पारब ने विद्यार्थियों को नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नशा जैसी लत में फंसकर लोग अक्सर अपना जीवन बर्बाद कर देते हैं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आईके पंडित ने कहा कि संगोष्ठी का उदेश्य विद्यार्थियों में मादक द्रव्य दुरुपयोग के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना रहा।

## विद्यार्थियों को ओजोन संकट और ओजोन परत के क्षरण परिणामों के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में विश्व ओजान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कालेज में आयोजित ओजान दिवस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जानकारी देती वक्ता।

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में गुरु हरराय इको क्लब व जीवन विज्ञान विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को विश्व ओजाना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज एंथम के साथ किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरविंदर भल्ला ने अध्यक्षता की। वहीं, मुख्य वक्ता के रुप में इंडियन पल्प एंड पेपर टेक्निकल एसोसिएशन सहारनपुर की संयुक्त सचिव डॉ. दलजीत कौर ने भाग लिया। मुख्य वक्ता एवं इंडियन पल्प एंड पेपर टेक्निकल एसोसिएशन सहारनपुर की संयुक्त सचिव डॉ. दलजीत कौर ने ओजोन संकट, ओजोन परत के क्षरण के परिणाम और इसके नियंत्रण के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## चमरौड़ी गांव में आज होगा प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम



**यमुनानगर।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार बुधवार को गांव चमरौड़ी में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी। रात्रि ठहराव कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता करेंगे। उक्त जानकारी नगराधीश पीयूष गुप्ता ने दी। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार के आदेशानुसार जिला के गांवों में जनता दरबार कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन द्वारा 17 सितंबर बुधवार को सुबह दस बजे गांव चमरोड़ी उधम सिंह काम्बोज कम्युनिटी सेंटर में आम जन की सुनवाई के लिए जनता दरबार लगाया जाएगा। इसके बाद शाम 4 बजे रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि उपायुक्त पार्थ गुप्ता रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा निर्देशों की अनुपालना जिला प्रशासन की ओर से प्रभावी ढंग से की जा रही है। इसी कड़ी में समाधान शिविर के साथ ही रात्रि ठहराव कार्यक्रम भी निरन्तर किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुन कर उनका समाधान किया जाएगा। हरियाणा सरकार की जनहितकारी नीतियों की जानकारी देने के लिए विभागीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि उपरोक्त कार्यक्रम में निश्चित तिथि,समय व स्थान पर सभी अधिकारी पहुंचना सुनिश्चित करें।

### मेगा सफाई अभियान में भाग लेकर धार्मिक स्थलों के प्रतिनिधियों ने दो घंटे श्रमदान करने का दिया आश्वासन

# दो घंटे श्रमदान कर अपने मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारा साहिब के आसपास करें सफाई: प्रसाद

नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बैठक में दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। निगम कार्यालय में आयोजित धार्मिक स्थलों के पदाधिकारियों की बैठक में सफाई कार्यक्रम को लेकर बातचीत करते हुए निगमायुक्त महाबीर प्रसाद। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम प्रशासन द्वारा निगम कार्यालय में शहर के मंदिर, मस्जिद व गुरुद्वारा के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने की।

निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत 25 सितंबर को एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शहर की सभी सामाजिक, धार्मिक व अन्य समाजसेवी संस्थाएं एक दिन, एक साथ एक घंटे तक श्रमदान कर शहर की सफाई करेंगी।

इसमें शहर के सभी मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा साहिब व अन्य धार्मिक स्थलों से जुड़े लोगों का सहयोग भी अपेक्षित है। इसलिए 25 सितंबर को सभी सुबह साढ़े छह बजे से साढ़े आठ बजे तक अपने मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा व अन्य धार्मिक स्थलों के आसपास व उनके धार्मिक स्थल तक आने वाले मुख्य मार्ग की सफाई करें। सभी धार्मिक संस्थानों के पदाधिकारियों ने इस अभियान में सहयोग करने का आश्वासन दिया। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि सभी शहरों को साफ, स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए सरकार द्वारा 24 अगस्त से 25 नवंबर तक हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान चलाया हुआ है। इसी के बीच केंद्र सरकार द्वारा 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा भी शुरू किया है। जिसका उद्देश्य शहर को सौंदर्यीकरण, हर वार्ड को कचरा मुक्त व स्वच्छ बनाना व सड़कों को दुरुस्त बनाना है। स्वच्छता अभियान के तहत 25 सितंबर को शहर में मेगा सफाई अभियान चलाया जाएगा। जिसमें शहर के सभी स्कूल, कॉलेज, शिक्षण संस्थाएं, सामाजिक, धार्मिक, स्वयं सेवी संस्थाएं, रेजीडेंस वेलफेयर एसोसिएशन व विभिन्न स्वयंसेवी भाग लेंगे। इस मेगा अभियान को कामयाब बनाने के लिए हमने नगर निगम क्षेत्र को नौ कलस्टर में बांटा गया है।

प्रत्येक कलस्टर में एक नोडल अधिकारी होगा। निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने शहर के विभिन्न मंदिरों, मस्जिद व गुरुद्वारा साहिब से आए प्रतिनिधियों से कचरा प्रबंधन पर बातचीत की। मंदिर प्रतिनिधियों ने बताया कि श्रद्धालु मंदिरों में फूलों की मालाएं, पत्ते, प्रसाद, नारियल व अन्य अर्पित करते हैं। पूजा सामग्री व फूल मालाओं को नहर में प्रवाहित कर दिया जाता है। गीले व सूखे कचरे के लिए अलग अलग डस्टबिन इस्तेमाल किए जा रहे हैं।

#### सिंगल यूज प्लास्टिक का न करें प्रयोग

निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद व अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने उन्हें कहा कि सभी धार्मिक स्थलों पर भंडारे व लंगर होते हैं। जिनमें सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल होता है। उन्होंने सभी को निर्देश दिए कि वे भंडारे व लंगर में सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान बताते हुए कहा कि प्रतिबंधित पॉलिथीन सबसे खतरनाक है। यह एक जहर है। जिससे कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी उत्पन्न होती है। इससे हमारी धरती मां के अंदर अनेक जीव मरते है। इसे खाने से गाय बीमार होती है और तड़फ तड़फ कर मरती हैं। इसका इस्तेमाल कर हम पाप के भागीदार बनते हैं। इसलिए इसका इस्तेमाल न करें। गीले कचरे से खाद तैयार करें।

## जीएसटी की दो दरें किए जाने से उपभोक्ताओं को मिल रही है बड़ी राहत: घनश्याम

विधायक ने पार्टी के जिला कार्यालय में उपभोक्ताओं को मिलने वाली राहत की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

भाजपा के सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी की दो दरें 5 व 18 प्रतिशत किए जाने से उपभोक्ताओं को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने उक्त जानकारी मंगलवार को पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल व जिला अध्यक्ष राजेश सपरा विशिष्ठ अतिथि के रुप में मौजूद रहे।

सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि केंद्र सरकार ने जीएसटी सुधार करके उपभोक्ताओं को राहत दी है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा लागू किए गए नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी सुधार ऐतिहासिक और दूरगामी प्रभाव वाले कदम हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का यह निर्णय गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए सबसे बड़ी राहत लेकर आया है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है।

विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि यह सभी प्रावधान 22 सितंबर से लागू होंगे। सरकार ने दैनिक जीवन से जुड़ी वस्तुओं और उद्योगों पर भी बड़े सुधार किए हैं। मेडिकल ऑक्सीजन, डायग्नोस्टिक किट्स और चश्मों पर कर दरें घटाई गई हैं। तेल, शैम्पू, टूथपेस्ट, स्नेक्स, बर्तन और सिलाई मशीनें अब और सस्ती हो गई हैं। किसानों के लिए ट्रैक्टर, टायर, सिंचाई एवं जुताई मशीनों और उर्वरकों पर कर में कमी की गई है। शिक्षा क्षेत्र को भी लाभ मिला है। मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने बताया कि यह सुधार न केवल महंगाई पर नियंत्रण करेंगे। बल्कि आम आदमी के जीवन स्तर को ऊचा उठाने और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने में भी ऐतिहासिक भूमिका निभाएंगे।

#### ये रहे मौजूद

मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह राणा, जीएसटी जिला संयोजक गिरीश पुरी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, जीएसटी जिला सहसंयोजक शिवकुमार काम्बोज, जिला सहसंयोजक हरिंदर आनंद सीए, जिला सहसंयोजक व्यास गोयल व कार्यालय सचिव सतीश चौधरी ने भाग लिया।

## खबर संक्षेप



### पारस कॉलोनी में अभियान चलाकर किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुरुक्षेत्र दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज के निर्देशन में नई दिशा नई उड़ान अभियान के तहत पारस कॉलोनी, कुरुक्षेत्र में एक अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत पैनल अधिवक्ता ननवी सागर द्वारा आमजन को किशोर न्याय अधिनियम के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

### रेडक्रॉस सोसाइटी कुरुक्षेत्र में किया पौधरोपण

**कुरुक्षेत्र।** विश्व ओजोन दिवस के उपलक्ष्य में रेड क्रॉस सोसाइटी कुरुक्षेत्र की ओर से एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रेड क्रॉस कुरुक्षेत्र के माननीय सचिव डॉ. सुनील कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व गुरप्रीत सिंह, लेक्चरर इन फर्स्ट ऐड एवं पर्यावरण प्रहरि, कुरुक्षेत्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग ऑफिसर कुमारी अंजू कश्यप विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

### सेक्टर 3 श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



**कुरुक्षेत्र।** श्राद्ध पितृ पक्ष के पावन अवसर पर सेक्टर-3 में श्रीगो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। संस्थापक अध्यक्ष भागवत प्रवक्ता कथावाचक अनिल शास्त्री प्रतिदिन सायं 4:30 बजे से 7 बजे तक श्रीमद्भागवत का रस पान करवाएंगे। कथा के मुख्य यजमान अनिल गर्ग, अमित गर्ग, सीमा गर्ग, निशा गर्ग ने कलश पूजन भागवत पूजन एवं व्यास पूजन किया। तत्पश्चात कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में महिलाएं ने मंगल कलश सिर पर लेकर चली।

### सांसद जिंदल 29 सितंबर को लेंगे दिशा की बैठक

**कुरुक्षेत्र।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी कमेटी (दिशा) की चौथी बैठक 29 सितंबर 2025 को लघु सचिवालय के सभागार में होगी। इस बैठक की अध्यक्षता सांसद नवीन जिंदल करेंगे। इस बैठक का एजेंडा सभी विभागीय अधिकारियों को भेज दिया गया है। इस बैठक में सभी अधिकारी पूरी तैयारी के साथ बैठक में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे और अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित एटीआर जल्द से जल्द प्रशासन के पास भिजवाना सुनिश्चित करेंगे। यह जानकारी जिप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शंभू राठी ने दी है।

## पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने निर्माण को किया नष्ट

# 2.4 एकड़ में फैली दो अवैध कॉलोनी में की तोड़फोड़

*अवैध कालोनियों में प्लॉट खरीदने पर 50 हजार का जुर्माना और 3 साल की सजा का प्रावधान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राजस्व संपदा पिहोवा में 2.4 एकड़ में पनप रही दो अवैध कालोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। यह डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने पिहोवा में राजस्व संपदा पिहोवा के एनएच-152 के पास स्थित लगभग 2.4 एकड़ में पनप रही दो अवैध कालोनी में बनी सडकें व अन्य अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा पिहोवा के एनएच 152 के पास लगभग दो अवैध कालोनी के पनपने का मामला आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे, परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की।



### खरीदारी से पहले विभाग से जानकारी लें

*विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है। उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलर के बहकावे में आकर प्लाट ना खरीदें और ना ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य करें। इतना ही नहीं जमीन की खरीद करने से पहले डीटीपी कार्यालय से कॉलोनी की वैधता और अवैधता की जानकारी प्राप्त कर लें। सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार भी रजिस्ट्री करने से पहले सरकार द्वारा जारी हिदायतों की पालना करें। यदि कोई व्यक्ति अवैध कालोनियों में कोई प्लॉट खरीदता है तो उसके विरुद्ध भी डीटीपी कार्यालय द्वारा कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और जिसमें 50 हजार का जुर्माना व 3 साल की सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि ग्रुप हाउसिंग स्कीम में दीनदयाल हाउसिंग स्कीम व अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग स्कीम के तहत 5 एकड़ भूमि पर लाइसेंस प्रदान किया जाता है, जिसमें आवेदन करके कॉलोनी काटने की जरूरी अनुमति प्राप्त की जा सकती है।*

### खाली प्लाट की सफाई नहीं की तो मालिक होगा जिम्मेदार : डीएमसी

*जुर्माना न भरने पर जारी नहीं होगा नो ड्यू सर्टिफिकेट*



**कुरुक्षेत्र।** डीएमसी अमन कुमार ने कहा कि नगर परिषद थानेसर की सीमा में अब चाहे रिहायशी एरिया हो या कॉमर्शियल एरिया में जहां भी खाली प्लाट पड़े है उनके मालिकों को सचेत हो जाने की जरूरत है, क्योंकि खाली प्लाटों की साफ सफाई और पानी निकासी करवाने की जिम्मेदारी संबंधित प्लाट मालिक की होती है। यदि प्लाट मालिक अपने प्लाट को साफ नहीं रखते और बरसाती या अन्य गंदे पानी की निकासी करवाना सुनिश्चित नहीं करते तो नगर परिषद ऐसे प्लाट मालिकों को चिह्नित उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाने जा रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें लगातार शिकायतें मिल रही है कि कई लोगों ने प्लाट लेकर वहां निर्माण नहीं करवाया और उन्हें ऐसे ही खाली छोड़ दिया हुए है और उनकी साफ सफाई की तरफ कोई ध्यान नहीं देते, जिसकी वजह से उन प्लाटों में बड़े-बड़े पेड़ घास फूस झाड़ियां उग आई है। इसके अलावा बरसात का व गंदा पानी भी उन प्लाटों में जमा रहता है। इसके कारण उनके आसपास रहने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि बरसात के सीजन में कई जहरीले जीव सांप कीड़े वहां से निकलकर अन्य लोगों के घरों में पहुंच जाते हैं। इससे जान माल का खतरा बना रहता है। इसके अलावा गंदे पानी में से भी बदबू उठती रहती है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

## उपाध्यक्ष ने सुनीं लाडवा विस के लोगों की समस्याएं

**74 शिकायतें हुई प्राप्त, समाधान के निर्देश**



लाडवा। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में लोगों की समस्याएं सुनती बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम केवल रोजगार देने वाला क्षेत्र नहीं है, बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन का भी साधन है। किसी गांव की महिला स्वयं सहायता समूह बनाकर आत्मनिर्भर होती है, जब कोई युवा बिना गारंटी के लोन लेकर नया कारोबार शुरू करता है, जब हरियाणा का कोई कारीगर अपना सामान ऑनलाइन बेचता है, तो यह के आर्थिक बदलाव नहीं, बल्कि सामाजिक सशक्तिकरण भी है। हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी मंगलवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में लाडवा विधानसभा के लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। इस दौरान उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने लगभग 74 शिकायतों को सुना और मौके पर ही अधिकारियों को समाधान के निर्देश भी दिए।

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर नगर पालिका चेयरपर्सन साक्षी खुराना, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, डा. गणेश दत्त, पूनम सैनी, सन्नी कालडा, मोनिका गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।*

### दयानंद महिला कॉलेज में रोजगार मेला 18 को

**कुरुक्षेत्र।** जिला रोजगार अधिकारी सीमा सैनी ने कहा कि जिला रोजगार कार्यालय कुरुक्षेत्र व दयानंद महिला महाविद्यालय कुरुक्षेत्र के द्वारा 18 सितंबर 2025 को सुबह 9:30 बजे दयानंद महिला महाविद्यालय सलारपुर रोड कुरुक्षेत्र के प्रांगण में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई और अन्य डिप्लोमा धारक प्रार्थियों के भाग लेने की संभावना है।

## बहलोलपुर में लगाया मुफ्त स्वास्थ्य शिविर

- महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर के सहयोग से आयोजित कैंप में 100 छात्रों ने लिय हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर में मेदांता अस्पताल के सहयोग से एक मुफ्त दंत जांच एवं स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन विशेष रूप से संस्थान के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें 100 से अधिक छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कैंप के दौरान विद्यार्थियों का दंत परीक्षण, ओरल हेल्थ कंसल्टेशन और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श कराया गया। चिकित्सकों ने छात्रों को दांतों की सफाई, स्केलिंग, फिलिंग, ऑर्थोडॉन्टिक परामर्श, एक्सट्रैक्शन तथा जरूरत पड़ने पर अन्य दंत चिकित्सा संबंधी सुझाव दिए। इस अवसर पर छात्रों को न केवल दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया, बल्कि उन्हें जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम संबंधी मार्गदर्शन भी दिया गया।



### छात्रों को सीपीआर का प्रशिक्षण दिया

*दंत चिकित्सा देखभाल के अलावा, छात्रों को सीपीआर प्रशिक्षण और सामान्य स्वास्थ्य जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया जिससे उन्हें महत्वपूर्ण जीवन रक्षक कौशल का प्रशिक्षण दिया गया और उन्हें आत्मविश्वास के साथ चिकित्सा आपात स्थितियों से निपटने के लिए तैयार किया गया। कैंप में प्रत्येक प्रतिभागी को एक दंत किट भी प्रदान की गई। नवीन जिन्दल फाउंडेशन से कृष्मन सिंह सैनी ने कहा कि युवा पीढ़ी का स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और उत्पादकता ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है।*

### नशा विरोधी डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशुराम महाविद्यालय में डिबेट प्रतियोगिता करवा कर युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। नोडल अधिकारी डॉ. दिलबाग सिंह ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग पंचकूला हरियाणा के दिशा निर्देश अनुसार महाविद्यालय में ऐसी गतिविधियां करवाई जाए जिससे विद्यार्थी नशे से दूर रहे व देश का नाम रोशन करें। इसी उपलक्ष्य में महाविद्यालय में डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में टीम -बी के हर्षित और पीयूष बी.ए. प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान, टीम -सी के अनुज और प्रिंस तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान, टीम-ए के तनू और मुस्कान बी.ए. प्रथम वर्ष तृतीय स्थान हासिल किया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. सुरेश कुमार ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।

## शराब के ठेके पर फायरिंग करने वालों का नहीं लगा कोई सुराग

**शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस का कर्तव्य : एसपी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

रविवार देर रात्रि को लाडवा सी.एम.सीटी में एक शराब के ठेके पर गोलियां चलने के बाद पुलिस हरकत में आ गई। गोली चलने के बाद से पुलिस अधीक्षक नीतिश अग्रवाल ने 24 घंटे में दो बार लाडवा सी.एम.सीटी का दौरा किया। दौरे के दौरान लाडवा सी.एम.सीटी में लगाए गए सभी पुलिस नाकों को चैक किया तथा जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। सोमवार देर सायं को पुलिस अधीक्षक दूसरी बार लाडवा सी.एम.सीटी में पहुंचे। करीब दो घंटे से अधिक शहर में रहकर पूरे शहर का जायजा लिया तथा जहां-जहां पुलिस नाके लगे हुए थे उनको भी मौके पर जाकर चैक किया।



लाडवा। पुलिस नाकों को चैक करते एसपी नीतिश अग्रवाल।

### 24 घंटे नाके लगाने के आदेशन

*एसपी ने दौरे के दौरान शहर की मुख्य सड़कों पर लगे पुलिस नाकों को 24 घंटे लगाने के आदेश भी दिए। पुलिस अधीक्षक नीतिश अग्रवाल ने कहा कि गत रात्रि शराब के ठेके पर हुई फायरिंग करने वाले आरोपी जल्द पुलिस की गिरफ्त में होगे वहीं लाडवा बस अड्डा के पास रविवार देर रात्रि को शराब के ठेके पर फायरिंग करने वालों को अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया।*



## गीता कन्या विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवम हिन्दू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्र/छात्राओं एवं आचार्यों की अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। निबंध लेखन प्रतियोगिता का विषय शिशु वर्ग में महाकुंभ का आँखों देखा या कानों सुना रोमांचक वर्णन, बाल वर्ग में महाकुंभ का पौराणिक व साँस्कृतिक महत्व, किशोर वर्ग में 'महाकुंभ के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन, तरुण वर्ग में महाकुंभ राष्ट्रीय एकता का प्रतीक रहा। आचार्यों के लिए निबंध का विषय महाकुंभ 2025 का आयोजन आपकी दृष्टि में कैसा रहा। प्रतियोगिता में 255 छात्र/ छात्राओं एवं 22 आचार्यों ने प्रतिभागिता की। यह प्रतियोगिता प्रति वर्ष चिन्तन एवं लेखन कला को विकसित करने के लिए करवाई जाती है। निबंध प्रतियोगिता के विषय भारतीय संस्कृति एवं तत्कालीन घटनाओं पर आधारित होते हैं जिससे विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति का ज्ञान एवं वर्तमान में घटित घटनाओं की जानकारी दी जा सके।

## नए जीएसटी कर सुधारों से विकसित भारत की यात्रा होगी तेजः त्यागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

भाजपा के जिला महामंत्री और भाजपा जीएसटी कमेटी के जिला संयोजक सी.एस. अर्जुन त्यागी ने कहा कि हाल ही में हुई 56वीं जीएसटी काउंसिल बैठक में प्रस्तावित भारत की कर प्रणाली में ऐतिहासिक परिवर्तन के रूप में सामने आए हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में यह सुधार केवल छोटे संशोधन नहीं हैं, बल्कि ऐसे संरचनात्मक कदम हैं जो भारत को आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में मजबूत आधार प्रदान करेंगे।

### पीएम ने दिवाली पर दिया डबल उपहार



जिला महामंत्री ने कहा कि इस बैठक में कर संरचना को सरल और जनहितैषी बनाते हुए कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए हैं। 28% और 12% जैसी ऊँची कर दरों को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है और अधिकांश आवश्यक वस्तुओं को न्यूनतम कर दर में शामिल करने का साहसिक निर्णय लिया गया है। इसके परिणामस्वरूप रोजमर्रा की वस्तुएँ अब और सस्ती होंगी, डेयरी उत्पादों और उपभोक्ता सामग्रियों की कीमतों में उल्लेखनीय राहत मिलेगी तथा सीमेंट पर कर दर घटाकर निर्माण क्षेत्र और घर बनाने के सपने को सीधा लाभ मिलेगा। इन फैसलों ने न केवल वस्तुओं को सस्ता किया है बल्कि देश की जनता को आदरणीय मोदी जी ने दीवाली का डबल उपहार दिया है। मोदी सरकार के ये सुधार जीएसटी को केवल कर प्रणाली तक सीमित नहीं रखेंगे, बल्कि इसे भारत की आर्थिक आकांक्षाओं को गति देने वाला परिवर्तनकारी इंजन बना देंगे।



## सेवा दिवस के रूप में मनाया स्वामी संदीप ओंकार का जन्मोत्सव

**कुरुक्षेत्र।** भगवान श्रीब्रह्मा मंदिर में जय ओंकार अंतर्राष्ट्रीय सेवाश्रम संघ संस्थापक श्रीश्री 1008 सदगुरुदेव स्वामी शक्तिदेव महाराज कुरड़ी वाले एवं स्वामी संतोष ओंकार के आशीर्वाद से स्वामी संदीप ओंकार का जन्मोत्सव महापर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर 108 कुण्डीय ओंकार महायज्ञ विधिवत मंत्रोच्चारण से विद्वान ब्राह्मणों के द्वारा ओंकार महामंत्र के साथ किया गया। ओंकार महायज्ञ में पूर्णाहुति स्वामी शक्ति देव महाराज व स्वामी सन्तोष ओंकार व स्वामी संदीप ओंकार कुरड़ी वाले द्वारा सामूहिक रूप से डाली गई। इस अवसर पर समस्त मंदिरो को सजाया गया और विशाल भंडारा में कन्या पूजन स्वामी संदीप ओंकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर ओंकार आसन पर विराजमान कुरड़ी वाले महाराज का समस्त संगत द्वारा अपनी अपनी ज्योतो से सामूहिक गुरु वंदना व आरती की गई।

## राजा, वैध और गुरु के कड़वे वचन भी कल्याणकारी होते है : आचार्य

- संजय गांधी मेमोरियल स्कूल में सुंदरकांड पाठ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

संजय गाँधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनोरा विद्यालय प्रांगण में दिव्य सुंदरकांड पाठ का संगीतमयी आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधान पवन गर्ग ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और विद्यालय के सचिव रविंद्र बंसल, कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह गिल, इंदिरा गाँधी नेशनल कॉलेज के प्राचार्य कुशल पाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा, पंडित रामकुमार शास्त्री, पंडित प्रवीण, जे पी सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। आचार्य पंडित इंदुशेखर पराशर ने अपनी मंडली के साथ, सुंदरकांड का संगीतमयी पाठ कर विद्यालय प्रांगण को भक्तिमय कर दिया। पाठ के उपरांत



विद्यालय की प्रगति, सबकी सुख शांति के प्रार्थना की गई । राम नाम की महिमा का गुणगान करते हुए आचार्य पंडित इंदुशेखर पराशर ने कहा कि राम नाम की धन सम्पदा के बगैर सभी प्रकार की भौतिक संम्पतियाँ व्यर्थ है। राम का नाम अत्यंत मंगल कारी और सकल सुमंगल दायक है । सुंदरकांड के पाठ से सभी प्रकार की बाधा, दुविधा, दुःख, दरिद्र और संकट दूर हो जाते है । राजा, वैध और गुरु के कड़वे वचन भी कल्याणकारी होते है। प्रधानाचार्य नरेन्द्र शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए इस अवसर पर सभी को बधाई दी।

**कार्यक्रम** जालंधर बंध के बिना इंजेक्शन मुंह किया सुन्न, आसान हो गया दांत निकालना

## नाक-कान की छोटी नली बनती है बच्चों में कर्णस्त्राव का बड़ा कारण : प्रो.संगीता

*श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में आयोजित सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का दूसरा दिन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के शालाक्य तंत्र विभाग द्वारा आयोजित सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार को विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीक और पारंपरिक योग-आयुर्वेद के समन्वित उपयोग की जानकारी दी। इस अवसर पर तिलक आयुर्वेदिक कॉलेज, महाराष्ट्र के शालाक्य तंत्र विभाग की चेयरपर्सन प्रो. संगीता सालवी और राजकीय अखंडानंद आयुर्वेदिक कॉलेज, अहमदाबाद (गुजरात) के सेवानिवृत्त प्रो. वैद्य हरिद्रा दवे ने व्याख्यान देकर विद्यार्थियों और



चिकित्सकों को प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता, शालाक्य तंत्र विभाग की चेयरपर्सन प्रो. आशु, प्रो. मनोज कुमार तंवर समेत विश्वविद्यालय के शिक्षक और शोधार्थी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### बच्चे को वायरल हो तो सावधान हो जाएं: सालवी

सीएमई के पहले सत्र में प्रो. संगीता सालवी ने मुख और कंठ रोगों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने ओष्ठ (होठ) और गल रोग में बनने वाली गांठों के लक्षण, निदान और उपचार की जानकारी दी। नाक-कान की छोटी नली बच्चों में कर्णस्त्राव का बड़ा कारण बनती है। प्रो. सालवी ने चेताया कि यदि बच्चों को बार-बार जुकाम, खांसी और बुखार की शिकायत हो तो इसे हल्के में न लें, क्योंकि ये लक्षण कर्णस्त्राव का कारण बन सकते हैं। समय रहते चिकित्सक से परामर्श लेना जरूरी है।

### योग क्रिया व आयुर्वेद से दंत चिकित्सा में नई दिशा

सीएमई के दूसरे सत्र में प्रो. वैद्य हरिद्रा दवे ने दंत चिकित्सा में योग और आयुर्वेद के प्रयोग पर प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि योग क्रिया /"जालंधर बंध/", एक्यूप्रेशर और आयुर्वेदिक सिद्धांतों की मदद से दांत को बिना दर्द के निकाला जा सकता है। उन्होंने मंच से जालंधर बंध के जरिए मुंह के एक हिस्से को कुछ समय के लिए सुन्न करके प्रदर्शन भी किया, जिसे देखकर छात्र और शिक्षक आश्चर्यचकित रह गए। वैद्य हरिद्रा दवे ने कहा कि आयुर्वेद और योग का वैज्ञानिक संयोजन, आधुनिक चिकित्सा को नई ऊर्जा दे सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि इन विधियों से मरीजों का डर कम होता है और उपचार अधिक सहज बन जाता है। सीएमई के दौरान विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने विशेषज्ञों से सवाल पूछे। प्रतिभागियों ने माना कि ऐसे कार्यक्रम न केवल अकादमिक ज्ञान को समृद्ध करते हैं, बल्कि चिकित्सा अभ्यास में भी नई दिशा देते हैं।

## खबर संक्षेप

### फैक्ट्री से लाखों का सामान चोरी

**अंबाला।** टांगरी नदी के उफान पर आने के बाद 3 सितंबर को औद्योगिक क्षेत्र में हुए जलभराव के बीच एक फैक्टरी में चोरी हो गई। महेश नगर थाना पुलिस को दी तहरीर में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी निखिल वर्मा ने बताया कि उनकी कैंट के औद्योगिक क्षेत्र में एसएम मशीन टूल के नाम से कंपनी है। 3 सितंबर को औद्योगिक क्षेत्र में हुए जलभराव के कारण छह-छह फीट तक पानी भर गया था। 14 सितंबर को वह अपनी प्रबंधक वकील रमनीक कौर मरवाह के साथ गया तो देखा कि कैंची गेट खुला हुआ था। कार्यालय के दरवाजे का शीशा टूटा हुआ था। सारा सामान अस्त-व्यस्त था व चोरी की घटना घटित हो चुकी थी। हालांकि वह अभी नुकसान का सही अनुमान नहीं लगा पाए है। पुलिस द्वारा फिलहाल चोरी हुए सामान की कीमत साढ़े तीन लाख रुपये आंकी गई है।

### राम नगर में 3500 रुपये की नकदी चोरी

**अंबाला।** राम नगर स्थित मकान में चोरी हो गई। राम नगर के आशुतोष सहगल ने बताया कि वह अपने घर पर नहीं था। 13 सितंबर को गया तो देखा कि घर से एक सिलिंडर, 1 बेटे का चांदी का कड़ा, 3500 रुपये की नकदी नहीं मिली। सीसीटीवी खंगाले तो पता चला कि 7 सितंबर को सुबह के समय शिवपुरी कॉलोनी निवासी युवक मिथुन घर के ताले खोल सामान चुरा ले गया। महेश नगर थाना पुलिस ने मिथुन पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**अंबाला।** थाना पंजोखरा साहिब में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी विजय कुमार उर्फ बंटी को गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। प्रबंधक थाना पंजोखरा ने बताया कि इस मामले में शिकायतकर्ता रमेश कुमार ने 9 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 7 सितंबर 2025 को सेक्टर-बी डिफेंस कॉलोनी में स्थित मकान से आरोपी ने बिजली की तार का बंडल चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### साइबर अपराध की शिकायतों में गिरावट

**अंबाला।** भारती एयरटेल ने घोषणा की है कि उसके द्वारा शुरू की गई एंटी-फ्रॉड पहलों के चलते साइबर अपराध की शिकायतों में उल्लेखनीय गिरावट आई है। इस प्रभाव की पुष्टि हाल ही में गृह मंत्रालय (एमएचए) के भारतीय साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर द्वारा जारी किए गए आंकड़ों से भी हुई है। गृह मंत्रालय के अनुसार, एयरटेल नेटवर्क पर वित्तीय नुकसान के मूल्य में 68.7% की भारी गिरावट आई है।

### दूसरी व तीसरी कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों की गणित और हिंदी विषयों की दक्षता जांची

# अध्यापकों ने कुल 6378 बच्चों का किया आंकलन

■ निपुण हरियाणा मिशन के तहत स्कूलों में गति देने के लिए सभी 478 प्राथमिक विद्यालयों में किया गया आंकलन का कार्य

*आंकलन के लिए 950 पीजीटी और टीजीटी की ड्यूटी लगायी गई थी। इन अध्यापकों ने आवंटित विद्यालयों में बच्चों को मोबाइल एप पर हिंदी और गणित विषयों में उनकी दक्षताओं को जांचने के लिए आंकलन का कार्य किया।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

निपुण हरियाणा मिशन को जिले के स्कूलों में गति देने के लिए सभी 478 प्राथमिक विद्यालयों में दूसरी व तीसरी कक्षा में पढ़ने वाले सभी बच्चों का गणित और हिंदी विषयों के लिए बच्चों की दक्षताओं को जांचने के लिए दो दिवसीय आंकलन का कार्य किया गया। इस आंकलन के लिए 950 पीजीटी और टीजीटी की ड्यूटी लगायी गई थी। इन अध्यापकों ने उन्हें आबंटित विद्यालयों में 15 और 16 सितंबर को पहुंचकर कक्षा 2 व 3 में उपस्थित सभी बच्चों का एक-एक करके मोबाइल एप पर हिंदी और गणित विषयों में उनकी दक्षताओं को जांचने के लिए आंकलन का कार्य किया। इस दौरान इन अध्यापकों ने कुल 6378 बच्चों का आंकलन किया। इस कार्य में किसी तरह की कोई कमी न रह जाए इसके लिए आंकलन के इस कार्य का जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा बाकायदा पर्यवेक्षण भी किया गया।




अंबाला। बच्चों से बातचीत करते जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा। फोटो : हरिभूमि

#### जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने आंकलन का किया निरीक्षण

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा द्वारा जिला में प्राथमिक विद्यालयों में चल रहे आंकलन का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि इस आंकलन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की भाषा और गणना की दक्षताओं की जांच एवं सीखने के स्तर का आंकलन करना है। इस आंकलन से हमें यह ज्ञात हो पाएगा कि अब तक हमारे कितने बच्चे निपुण लक्ष्यों को प्राप्त कर चुके हैं। जो बच्चे अभी तक निपुण दक्षताएं हासिल नहीं कर पाए हैं उन्हें 31 मार्च 2026 तक निपुण बनाने के लिए शिक्षकों और मेंटर्स के साथ मिलकर योजना बनाई जाएगी। इस दौरान जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला नं. 1, राजकीय प्राथमिक पाठशाला नं. 7, राजकीय प्राथमिक पाठशाला सेंट्रल जेल तथा राजकीय प्राथमिक पाठशाला मॉडल टाउन का निरीक्षण किया।

#### शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने को ठोस कदम उठाने का मार्ग प्रशस्त होगा

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सभी संबंधित शिक्षकों ने निर्धारित कक्षाओं में विद्यार्थियों की दक्षताओं की जांच गंभीरता एवं उत्तरदायित्व के साथ की तथा इसके साथ यह भी सुनिश्चित किया कि सभी विद्यार्थी इस आकलन में सम्मलित हो। यह आंकलन विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति के स्तर की वास्तविक स्थिति जानने तथा आगे की शैक्षिक योजनाएं बनाने के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। आंकलन की यह मॉनिटरिंग जिला में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। शिक्षकों द्वारा कक्षावार विद्यार्थियों की साक्षरता जांच की गई तथा नामांकन की स्थिति दर्ज की गई। इससे विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने हेतु ठोस कदम उठाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

### नारायणगढ़ में विकास कार्यों को मिलेगी नई दिशा

# 29 सड़कों की बदलेगी तस्वीर, सीएम नायब सैनी ने दी निर्माण की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

विधानसभा नारायणगढ़ में विकास कार्यों को नई दिशा देते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 29 सड़कों के सुदृढ़ीकरण और मजबूतीकरण की स्वीकृति प्रदान की है। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी अंबली ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह निर्णय क्षेत्र की जनता के लिए ऐतिहासिक साबित होगा। उन्होंने बताया कि स्वीकृत परियोजनाओं में प्रमुख सड़कों में -ओल्ड रायपुररानी स्लिप रोड (राजकीय कन्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल नारायणगढ़ से स्टेट हाइवे-1 तक), फिरोजपुर से टोका साहब गुरुद्वारा, स्टेट हाइवे-1 से कोहड़ा भूरा, कोहड़ा भूरा से भूरेवाला स्कूल, लिंक रोड से नन्हेड़ा, लिंक रोड शामड़, लिंक रोड से जटवाड़, लिंक रोड से डेहर, बाल्टी गदौली रोड



सड़कों के निर्माण से वाहन चालकों को मिलेगी भारी राहत

भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी

#### मजबूत कनेक्टिविटी मिलेगी

संदीप सैनी ने कहा कि यह सब संभव हुआ है मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दूरदर्शी नेतृत्व और एक समान विकास की सोच के कारण। क्षेत्र के लोगों को अब ओर अधिक बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी, जिससे न केवल यातायात सुगम होगा बल्कि ग्रामीण अंचलों को भी शहरों से मजबूत कनेक्टिविटी मिलेगी।

टू हाउस ऑफ शहीद पवन कुमार, बधौली रोड से बख्तुआ, लिंक रोड से शाहपुर स्कूल, बधौली रोड से ब्राह्मण माजरा, बधौली रोड से पिंजौरी, बधौली रोड से नगांवां, बधौली रोड से आजमपुर, लिंक रोड बेरखेड़ी से गणौली, मोमनपुर को (आईपीबी/ इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक) की बनाया जाएगा। इसी प्रकार स्टेट हाइवे-1 से उज्जल माजरी (हिमाचल बॉर्डर तक), लिंक रोड फ्रॉम एनएच-72 से गलोडी, फिरोजपुर से मुगल माजरा, लिंक रोड से ठरवा वाया सुरगल, लिंक रोड फ्रॉम लखनौरा से अंधेरी, रायपुररानी-नारायणगढ़ रोड से लाहा मंडलाया, लिंक रोड फ्रॉम गांधीनगर से मोमनपुर, लिंक रोड टू कंजाला, बहलोली से कोडवा खुर्द, लिंक रोड अंबाला-जगाधरी रोड से खुडड़ा- दुखेड़ी तथा एनएच-72 से एनएच-73 वाया धनाना, खानपुर रसीदपुर और रामपुर सड़कों का निर्माण लूक तारकोल और पेवर ब्लॉक से किया जाएगा।

### अंबाला-दिल्ली हाईवे स्थित मोहड़ा के निकट भीषण हादसा

# केबिन में फंसने से कैंटर चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला-दिल्ली हाईवे स्थित मोहड़ा के निकट सोमवार भीषण सड़क हादसे में एक की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए।

दिल्ली की तरफ जा रही तेजरफ्तार अनियंत्रित कार ने कैंटर को पीछे से टक्कर मार दी, जिसके बाद कैंटर हाईवे की दूसरे लेन में जाकर सामने से आ रही एक निजी बस में टकरा गया। इस हादसे में




कैंटर चालक की केबिन में ही फंसने के कारण मौत हो गई। फंसे हुए शव को क्रेन की मदद से करीब आधे घंटे के बाद बाहर निकाला गया। दूसरी तरफ, निजी बस चालक मलेरकोटला के हरफूल सिंह की बाजू में फ्रेक्चर व कार चालक फिरोजपुर के गुरबीर को चोट आई। मोहड़ा पुलिस चौकी प्रभारी शीशपाल ने बताया कि हादसे के समय दो कैंटर साथ चल रहे थे। दूसरे कैंटर के चालक एटा के सुखबीर की शिकायत पर कार चालक फिरोजपुर के गुरबीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

### महिला उद्यमियों के जज़्बे, नवाचार और उनके प्रभाव को समर्पित

## 19 सितंबर को परिवर्तन का उत्सव उड़ान कार्यक्रम

**चंडीगढ़।** टाई (टीआईई) चंडीगढ़, सहायक एसोसिएट्स के सहयोग से, शुक्रवार 19 सितंबर 2025 को शाम 4 बजे से 7 बजे तक चंडीगढ़ क्लब, सेक्टर 1 में अपना प्रमुख कार्यक्रम परिवर्तन का उत्सव उड़ान आयोजित करने जा रहा है।

यह विशेष संध्या महिला उद्यमियों के जज़्बे, नवाचार और उनके प्रभाव को समर्पित होगी। इसमें प्रेरणादायक जीवन यात्राओं, उद्यमशील प्रस्तुतियों और महिला-नेतृत्व वाले उद्यमों की प्रदर्शनी का संगम होगा, जो पंजाब सहित विभिन्न राज्यों के सेल्फ हेल्प ग्रुप्स, स्टार्टअप्स और स्थापित उद्यमों की आवाज़ों को एकजुट करेगा। शाम की शुरुआत एक विशेष संवाद से होगी जिसमें दिविता जुनेजा (अभिनेत्री एवं उद्यमी) और हिमानी अरोड़ा (फाउंडर स्टूडियो हिमानी अरोड़ा) शामिल होंगी तथा इसका संचालन ओपिंदर कौर गिल (उद्यमी एवं कम्युनिटी बिल्डर) करेंगी। कार्यक्रम में पंजाब की कम्युनिटी अफेयर्स डिवीजन से गुरप्रीत कौर देओ मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होंगी। इसके अलावा ऑफ फेथ फ्रॉम साइड हसल टू सब्स्टेनेबल बिज़नेस विषय पर एक पैनल चर्चा आयोजित की जाएगी, जिसमें नानकी अरोड़ा सिंह फाउंडर द सीक्रेट आइस क्रीम सोसाइटी; ऋतु कोचर, फाउंडर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिज़ाइन, आईएनआईएफडी और अक्षिना जिंदल, फाउंडर एवं सीईओ बबल मी अपने विचार साझा करेंगी। इस पैनल का संचालन तनुश्री गुप्ता, को-चेयर, टाई वीमेन एवं फाउंडर थिंक पीपल फर्स्ट करेंगी। शाम को खास बनाते हुए डांस मूवमेंट थेरेपिस्ट शुचि सिंह पावर ऑफ मूवमेंट नाम से एक सत्र लेंगी।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर होंगे कई कार्यक्रम

*भाजपा ने मीटिंग के दौरान कार्यक्रमों की बनाई योजना*

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

मंत्री अनिल विज के निर्देशानुसार भाजपा महेश नगर मंडल की बैठक अंबाला छावनी कार्यालय में मंडल अध्यक्ष हर्ष बिंद्रा की अध्यक्षता में सपन्न हुई। इसमें जिला सह संयोजक राजीव डिंपल ने राष्ट्रीय सेवक संघ द्वारा 2 अक्टूबर 2025 को आयोजित होने वाले पथ संचलन के कार्यक्रम के बारे में बताया। बैठक में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यक्रमों के आयोजन करने पर चर्चा की गई, कार्यक्रमों के आयोजनों को लेकर



मीटिंग के दौरान मौजूद भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह नजर आया।

महेश नगर मंडल के संयोजक विजेंद्र चौहान ने बताया कि महेश नगर मंडल में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर श्रमिक चौकों पर लड्डू बांटकर सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों की शुरुआत करेगा। 17 सितंबर के बाद स्वच्छता अभियान,रक्तदान शिविर ,स्वास्थ्य जांच शिविर, पोधारोपण , 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में होने वाले कार्यक्रम व अन्य सेवा प्रकल्पो का आयोजन करेगा। बैठक का संचालन महामंत्री एडवोकेट पुनीत सरपाल सह, सयोजक ने किया । इस दौरान जिला सचिव नरेश शर्मा व आरती सहगल ,महिला मोर्चा अध्यक्ष नेहा पुरी, युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय, नप सदस्य सोमनाथ ,रमन छतवाल, भूपेश शर्मा, श्याम अरोड़ा और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अभय चौटाला के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए जिला कार्यकारणी सदस्य विजेंद्र चौहान ने कड़ा प्रहार किया।

### गुरुद्वारा श्री दशमेश साहिब में मनाया गया स्थापना दिवस

# गुरबाणी की स्वर लहरियों से संगत को किया निहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

यहां के सिंहपुरा मोहल्ला स्थित गुरुद्वारा श्री दशमेश साहिब में 31वां स्थापना दिवस बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर रखे गए श्री अखंड पाठ साहिब का मंगलवार को भोग डाला गया। पूरे गुरुद्वारा परिसर में गूंज रही गुरबाणी की स्वर लहरियों ने उपस्थित संगत को आध्यात्मिक आनंद और शांति का अनुभव कराया।गुरुद्वारा श्री दशमेश



बराड़ा। धार्मिक आयोजन में कीर्तन करता रागी जत्था। फोटो : हरिभूमि

साहिब प्रबंधक कमेटी प्रधान तरसेम सिंह की देखरेख और मार्गदर्शन में संपन्न इस आयोजन में हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक (एचएसजीपीसी) प्रचार कमेटी के चेयरमैन बलजीत सिंह दादूवाल, उपप्रधान गुरवीर सिंह, एनआरआई विंग चेयरमैन राजिंद्र सिंह कोकी, सुखविंद्र सिंह, मेंबर स्वर्ण सिंह, मेंबर गुरतेज सिंह, हरपाल सिंह, प्रिंस, दातला, मलकीत सिंह, बीबी करतार कौर, प्रदीप सैनी मुख्य रूप से उपस्थित हुए।भोग उपरांत विशाल कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। इसमें भाई गुरसेवक सिंह रंगीला, भाई सुखविंदर सिंह और अन्य प्रसिद्ध रागी जत्थों ने मधुर शबद-कीर्तन कर संगत को गुरु चरणों से जोड़ा। कीर्तन के दौरान पूरा वातावरण वाहेगुरु के नाम से गूंज उठा।

# पीएम के जन्मदिन पर चलाया जाएगा स्वच्छता अभियान

### रेहड़ी फड़ी वालों के लिए राहत का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में नगर पालिका क्षेत्र में 17 सितंबर को एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य शहर को स्वच्छ बनाने के साथ-साथ नागरिकों में साफ-सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। नगर पालिका अध्यक्ष रजत मलिक ने मंगलवार को नपा कार्यालय में अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर इस अभियान की रूपरेखा तैयार की। उन्होंने बताया कि इस विशेष दिन पर शहर के प्रमुख हिस्सों में गहन सफाई अभियान चलाया जाएगा, जिसमें जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। प्रधान रजत मलिक ने एक और महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि कोरोना काल के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा रेहड़ी-फड़ी वालों के लिए शुरू की गई रियायती ब्याज दर वाली लोन योजना की राशि अब बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ उठाने में रेहड़ी-फड़ी वालों की मदद के लिए आगामी शुक्रवार को नगर पालिका कार्यालय में एक विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप में संबंधित अधिकारी मौजूद रहेंगे ताकि लाभार्थियों को आवेदन करने में कोई परेशानी न हो।प्रधान रजत मलिक ने बताया कि शहर के मुख्य बाजार की खराब लाइटों को बदल कर उनकी जगह नई एलईडी लाइटें लगाने का काम शुरू हो गया है,



नपा अध्यक्ष रजत मलिक।

## सामूहिक एकासना व्रत दिवस के रूप में मनाया जाएगा

मुलाना। राष्ट्रीय संत व वर्तमान जैनाचार्य डॉ. शिव मुनि के 84वें जन्मोत्सव पर 18 सितंबर को एसएस जैन स्थानक में साध्वी रत्ना सुवृद्धि एवं साध्वी सात्विक के पावन सान्निध्य में आत्म शुक्ल शिव प्रकाशोत्सव के अवसर पर सामूहिक एकासना व्रत दिवस के रूप में मनाया जाएगा। एसएस जैन सभा के प्रवक्ता श्रीपाल जैन ने बताया कि इस आयोजन को पूरे देश में बड़ी श्रद्धा के साथ किया जा रहा है। साध्वी रत्ना सुवृद्धि एवं साध्वी सात्विक के पावन सान्निध्य में एकाशना/आयम्बिल व्रत का आयोजन व जप-तप बड़ी श्रद्धा के साथ किया जाएगा। श्रीपाल जैन ने बताया कि आचार्य के नेतृत्व में देश भर में 1350 से अधिक जैन साधु-साध्वियां धर्मप्रचार व संयम साधना में रत हैं। जैन ने सभी श्रद्धालुओं को इस पावन अवसर पर सपरिवार उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त करने का आह्वान किया।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**मुस्तैदी** कंट्रोल रूम में भेजी गई थी कोर्ट कांप्लेक्स में लावारिस बैग होने की सूचना

# पुलिस की ओर से कोर्ट कांप्लेक्स में की मॉकड्रिल सायरन बजते ही जवानों ने संभाला मोर्चा

*संदिग्ध या लावारिस वस्तु नजर आए तो डॉयल-112 पर सूचना दें*

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

आपात स्थिति से निपटने के लिए मंगलवार को कोर्ट कांप्लेक्स में पुलिस की ओर से मॉकड्रिल की गई। एसपी अजीत सिंह शेखावत के निर्देशानुसार सहायक पुलिस अधीक्षक व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय में आपात स्थिति से निपटने व अपराध को अंजाम देकर भागने वाले अपराधी को पकड़ने व बम की सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंचकर आमजन की सुरक्षा करने के लिए पुलिस के जवानों द्वारा मॉकड्रिल का अभ्यास किया गया। मंगललवार को कंट्रोल रूम को सूचना भेजी गई कि कोर्ट कांप्लेक्स में एक लावारिस बैग पड़ा है। इसमें कोई भी संदिग्ध वस्तु हो सकती है। सूचना मिलते ही पुलिस बल तुरन्त मौके पर पहुंचे। कोर्ट कांप्लेक्स के उस क्षेत्र को खाली करवाकर जवानों को तैनात किया। इसके साथ- साथ पुलिस के उच्चाधिकारिया को सूचित कर तुरंत कार्रवाई कर बम डिस्पोजल स्कवॉयड, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस को सूचना दी गई कि आमजन की सुरक्षा के लिए तुरंत मौके पर पहुंचे। सूचना मिलते ही उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय विजय कुमार के नेतृत्व मे प्रबंधक थाना अंबाला शहर व चौकी प्रभारी रोशन लाल बम डिस्पोजल स्कवॉयड बम निरोधक सामान के साथ मौके पर पहुंचे। स्कवॉयड में शामिल जवानों ने लावारिस सामान को कब्जे में लेकर बम निरोधक सामान के साथ उसे निष्क्रय करने का अभ्यास किया।



अंबाला। संदिग्ध वस्तु को जांचता बम स्कवॉयड का जवान। फोटो : हरिभूमि

#### आपात स्थिति से निपटने को तैयार रहें

पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों की सुरक्षा, अपराधों की रोकथाम व किसी भी आपात स्थिति से निपटने को ध्यान में रखते हुए सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, प्रबंधक थाना, निरीक्षक सीआईए, एवीटी सैल, सभी पुलिस चौकी इंचार्ज को निर्देश दिए कि वह भविष्य में सूचना मिलते ही अपने-अपने क्षेत्र में तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी करें। इससे अपराधों की रोकथाम कर अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सकता है। एसपी ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि भविष्य में जब भी कोई संदिग्ध या लावारिस वस्तु नजर आए तो उसकी सूचना तुरन्त नजदीक पुलिस थाना या कंट्रोल रूम डॉयल-112 पर दें।

### मानवता की सेवा में लगाने वाला व्यक्ति ही सच्चा संत होता

**पिहोवा।** डेरा सचखंड ईशर दरबार जुरासी में चल रहा संत बाबा ईशर सिंह जी राड़ा साहिब वालों का सालाना बरसी समागम मंगलवार को संपन्न हुआ। तीन दिन तक चले इस धार्मिक कार्यक्रम में रुहानी कीर्तन में हजारों की संख्या में संगत ने हिस्सा लिया। संत बाबा मणि सिंह ने कहा कि सांसारिक सुखों का त्याग कर अपने जीवन को मानवता की सेवा में लगाने वाला व्यक्ति ही सच्चा संत होता है। दिवंगत संत बाबा ईशर सिंह राड़ा साहिब वाले और संत बाबा मान सिंह जुरासी वालों का जीवन इसका प्रत्यक्ष प्रमाण रहा।

उन्होंने कहा कि संत रूप में ऐसी महान विभूतियां धरती पर ईश्वर के भेजे हुए दूत होते हैं। समागम में रागी जत्थों ने संगत को गुरबाणी से निहाल किया। विभिन्न संप्रदायों के संत महात्माओं और सिख विद्वानों ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के संदेश से लोगों को अवगत कराया।